सांवरे सरकार को प्रणाम

सांवरे सरकार को प्रणाम ये हमारा है
सांवरे सरकार
सांवरे सरकार को प्रणाम ये हमारा है
बस तुमरा ही सहारा है
सांवरे सरकार......

लखदातारी तुम हर दुख हर लेते हो,
खुशी का है खजाना,
जो भी आता है तेरा दर्शन पाता है,
हो जाता है दीवाना,
आपके दर पर आया गर्दिशों का मारा है,
आपके दर पर,
हो आपके दर पर आया गर्दिशों का मारा है,
बस तुमरा ही सहारा है,
सांवरे सरकार......

कर दो करम मुझ पर आया हूं मैं दर पर,
ओ मेरे खाटूवाले,
तुमसे आशा है तुम हो मेरे रहबर,
ओ मेरे खाटूवाले,
आपके आगे हमने दामन को पसारा है,
आपके आगे...
आपके आगे हमने दामन को पसारा है,
बस तुमरा ही सहारा है,
सांवरे सरकार.....

आ जाओ बाबा अब लाज मेरी रख लो,
बड़ा एहसान होगा,
बेसहारा हूं अब आसरा देदो,
बड़ा एहसान होगा,
मैंने मुश्किल में बस आपको पुकारा है,
मैंने मुश्किल में..
मैंने मुश्किल में बस आपको पुकारा है,
बस तुमरा ही सहारा है,
सांवरे सरकार......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30215/title/sanwre-sarkar-ko-parnaam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |